ജില്ലാ വിദ്യാഭ്യാസ പരിശീലന കേന്ദ്രം
District Institute of Education & Training (DIET)
Kozhikode



# റെസൊണൻസ്

2022

പത്താംക്ലാസ് വിദ്യാർത്ഥികൾക്കുള്ള
പഠന സഹായി

हिंदी (ഹിന്ദി)

കരിക്കുലം മെറ്റീരിയൽ ഡെവലപ്മെന്റ് & ഇവാല്വേഷൻ
(സി.എം.ഡി.ഇ. വിഭാഗം)

2022 ജനുവരി

ജില്ലാ വിദ്യാഭ്യാസ പരിശീലന കേന്ദ്രം,
കോഴിക്കോട് (ഡയറ്റ്)
District Institute of Education and Training (DIET), Kozhikode.

# റെസൊണൻസ്
2022

എസ്.എസ്.എൽ.സി വിദ്യാർത്ഥികൾക്കുള്ള
പഠനസഹായി
**Support Material for SSLC Students**

# हिंदी (ഹിന്ദി)

പ്രസിദ്ധീകരിച്ചത് : 2022 ജനുവരി

വി.വി പ്രേമരാജൻ
പ്രിൻസിപ്പാൾ, ഡയറ്റ് കോഴിക്കോട്

**നിർമ്മാണ ചുമതല:**
സി.എം.ഡി.ഇ. വിഭാഗം ഡയറ്റ്
**അബ്ദുന്നാസർ. യു.കെ.** സീനിയർ ലക്ചറർ
**പ്രബീഷ്. എം.** ലക്ചറർ, ഡയറ്റ്

**എഡിറ്റിംഗ് ചുമതല:**
**ഡോ. സി. ഭാമിനി,** സീനിയർ ലക്ചറർ
**ഡോ. കെ.എസ്. വാസുദേവൻ,** സീനിയർ ലക്ചറർ
**ഡോ.ബാബു വർഗ്ഗീസ്,** സീനിയർ ലക്ചറർ
**ഡോ. അശോകൻ നൊച്ചാട്,** സീനിയർ ലക്ചറർ
**സാജു തോമസ്,** സീനിയർ ലക്ചറർ

**വിഷയം: ഹിന്ദി**
വിഷയ ചുമതല:
**പൗളിന ജെയിംസ്,** ലക്ചറർ ഡയറ്റ്

**ശില്പശാലയിൽ പങ്കെടുത്തവർ:**
ഷനോജ് കുമാർ എൻ.കെ.
ജി.വി.എച്ച്.എസ്.എസ്. ഫോർ ഗേൾസ് നടക്കാവ്
ഹരീത കെ.
ജി.എച്ച്.എസ്.എസ്. കൊടുവള്ളി
ത്രിവിക്രമൻ പി.വി.
ജി.എച്ച്.എസ്.എസ്. നരിക്കുനി
സന്തോഷ് കെ.ടി.
ജി.എം.എച്ച്.എസ്.എസ്. രാരോത്ത്
രേണുക വർമ്മ ആർ.
സാമൂതിരി ഹൈസ്കൂൾ തളി
രേഷ്മ കെ.പി.
ജി.വി.എച്ച്.എസ്.എസ്. ഫോർ ഗേൾസ് നടക്കാവ്
റജിന ഹസൻകോയ
ജി.വി.എച്ച്.എസ്.എസ്. കിണാശ്ശേരി
പ്രിയങ്ക എൻ
പ്രോവിഡൻസ് ഗേൾസ് എച്ച്.എസ്.എസ്.
ഷാജിത ടി.
ജി.വി.എച്ച്.എസ്.എസ്. ഫോർ ബോയ്സ് കൊയിലാണ്ടി

ലേ ഔട്ട്, കവർ ഡിസൈനിംഗ് :
**മുഹമ്മദ് ബഷീർ കെ.എം.**
സേതു സീതാറാം എ.എൽ.പി.സ്കൂൾ, എലത്തൂർ.

കോപ്പികളുടെ എണ്ണം: 1000



**വി.വി പ്രേമരാജൻ**
പ്രിൻസിപ്പാൾ
ഡയറ്റ് കോഴിക്കോട്

പ്രിയപ്പെട്ട കൂട്ടുകാരേ,

കോവിഡിന്റെ തുടർച്ച സ്വാഭാവിക ക്ലാസ്സ്റൂം പഠനവും അനുഭവങ്ങളും ലഭിക്കുന്നതിന് ഈ വർഷവും വിലങ്ങുതടിയായിട്ടുണ്ട്. നവംബർ മാസം വരെ ഓൺലൈൻ ആയും തുടർന്ന് ഓരോ ആഴ്ചയിലും മൂന്ന് ദിവസങ്ങളിൽ പകുതി മാത്രം അധ്യയന സമയവുമാണ് നമ്മുടെ വിദ്യാർത്ഥികൾക്ക് ലഭ്യമായത്. മുൻവർഷത്തെ പോലെ തന്നെ ഊന്നൽ മേഖലകൾ നൽകിയതിനൊപ്പം കുട്ടികളുടെ ഉപരിപഠനത്തിനുള്ള പ്രാധാന്യം കൂടി നൽകി കൊണ്ടാണ് ഈ വർഷം പാഠഭാഗങ്ങൾ നിർദേശിച്ചിരിക്കുന്നത്. ഓരോ വിഷയത്തിലെയും അടിസ്ഥാനശേഷികൾ ഉറപ്പാക്കും വിധത്തിൽ ക്ലാസ്സ് റൂം ചർച്ചകൾക്കും സ്വയം പഠനത്തിനും കൂടുതൽ ശ്രദ്ധ നൽകേണ്ട പാഠഭാഗങ്ങളാണ് ഊന്നൽ മേഖലയിൽ ഉൾപ്പെടുത്തിയിരിക്കുന്നത്. ഊന്നൽ മേഖലകളും അല്ലാത്തതുമായ പാഠഭാഗങ്ങൾ എളുപ്പത്തിൽ സ്വാംശീകരിക്കുന്നതിനും എസ്.സി.ഇ.ആർ.ടി. നിർദേശിച്ച ചോദ്യമാതൃകകൾ എളുപ്പത്തിൽ ബോധ്യപ്പെടുന്നതിനും സഹായകരമായ രീതിയിലാണ് ജില്ലാ വിദ്യാഭ്യാസ പരിശീലന കേന്ദ്രം (ഡയറ്റ് ) 'റസണൻസ് - 2022' എന്ന പേരിലുള്ള ഈ പഠന സഹായി തയ്യാറാക്കിയിരിക്കുന്നത്.

ക്ലാസ്സ്റൂം പ്രവർത്തനങ്ങൾക്കും ഓൺലൈൻ ക്ലാസ്സുകൾക്കും അനുപൂരകമാക്കുന്ന രീതിയിൽ ഇതിലെ പ്രവർത്തനങ്ങൾ പ്രയോജനപ്പെടുത്താൻ കുട്ടികളെ സഹായിക്കുന്നതിന് ആവശ്യമായ ഇടപെടലുകൾ അധ്യാപകരുടെ ഭാഗത്തു നിന്നുണ്ടാവണമെന്നഭ്യർത്ഥിക്കുന്നു.

കോവിസ് കാലത്തെ പ്രത്യേക സാഹചര്യങ്ങൾ പരിഗണിച്ച് ഒട്ടും ആശങ്കയില്ലാതെ ആത്മവിശ്വാസത്തോടെ പരീക്ഷയെഴുതാൻ നമ്മുടെ കുട്ടികളെ സജ്ജരാക്കാൻ ഈ പഠന പിന്തുണാ സഹായി ഒരു മുതൽകൂട്ടാവട്ടെ.

എല്ലാവർക്കും വിജയാശംസകൾ നേരുന്നു.

കോഴിക്കോട്
30 - 01 - 2022



**ശ്രീമതി. വി.പി മിനി.**
വിദ്യാഭ്യാസ ഉപഡയരക്ടർ &
കൺവീനർ, എഡ്യുകെയർ പദ്ധതി

പ്രിയപ്പെട്ട കുട്ടികളെ,

കോവിഡിനൊപ്പം നാം ഈ വർഷവും പൊതു പരീക്ഷയെ അഭിമുഖീകരിക്കയാണ്. നേരിട്ടും ഓൺ ലൈൻവഴിയുമെല്ലാം പരമാവധി പഠന സാഹചര്യങ്ങളൊരുക്കാൻ നമുക്ക് കഴിഞ്ഞിട്ടുണ്ട്. കോവിഡ് സാഹചര്യത്തിൽ മുൻ വർഷങ്ങളിലെ പോലെ പൂർണ്ണാർത്ഥത്തിൽ പഠനാനുഭവങ്ങളൊരുക്കാൻ കഴിഞ്ഞിട്ടില്ലെന്ന ബോധ്യമുണ്ട്. എങ്കിലും പാഠഭാഗങ്ങളുടെ വിനിമയവും പരീക്ഷ ഒരുക്കങ്ങളും പരമാവധി പൂർത്തിയായിട്ടുണ്ട്. ഇനി കുട്ടികൾക്ക് സംശയങ്ങൾ ദൂരീകരിക്കുന്നതിനും പരീക്ഷയ്ക്ക് തയ്യാറെടുക്കുന്നതിനുമുള്ള സമയമാണ്. എസ്.എസ്.എൽ.സി. പരീക്ഷാഫലം എല്ലാവരും ഉറ്റുനോക്കുന്നുവെന്നതിനാൽ തന്നെ അല്പം ആശങ്കകളും പിരിമുറുക്കവുമൊക്കെ ചിലർക്കെങ്കിലുമുണ്ട്. ഇവയെല്ലാം മറികടന്ന് ആത്മവിശ്വാസത്തോടെയും ഉത്സാഹത്തോടെയും പരീക്ഷയെഴുതാൻ കുട്ടികൾ പ്രാപ്തരാവണം.

പരീക്ഷയ്ക്ക് പാഠ ഭാഗങ്ങൾ ഒന്നും ഒഴിവാക്കിയിട്ടില്ലെങ്കിലും കൂടുതൽ ശ്രദ്ധിക്കേണ്ട പാഠഭാഗങ്ങൾ എസ്.സി.ഇ.ആർ.ടി നിർദ്ദേശിച്ചിട്ടുണ്ട്. ഓരോ വിഷയത്തിലും മികച്ച വിജയം നേടാൻ കഴിയുംവിധം സവിശേഷ പ്രവർത്തനങ്ങളും ചോദ്യമാതൃകകളുമെല്ലാം ഉൾപ്പെടുത്തിയാണ് ഡയറ്റിന്റെ അക്കാദമിക നേതൃത്വത്തിൽ 'റസണൻസ് - 2022' തയ്യാറാക്കിയിരിക്കുന്നത്. അധ്യാപകരുടെ പിന്തുണയോടെ സംശയനിവാരണം നടത്താനും സ്വയം പഠനത്തിനുമെല്ലാം ഇത് ഫലപ്രദമായി ഉപയോഗിക്കുമല്ലോ. കോവിഡ് സൃഷ്ടിച്ച പരിമിതികൾ മറികടന്ന് അഭിമാനകരമായ വിജയം കരസ്ഥമാക്കാൻ നിങ്ങൾക്കോരോരുത്തർക്കും കഴിയട്ടെ.

വിജയാശംസകർ നേരുന്നു.

കോഴിക്കോട്
30 - 01 - 2022

इकाई 1

पाठ -1

# बीरबहूटी

**विशेषण शब्द पहचानें**

## विशेषण और विशेष्य

| विशेषण और विशेष्य | विशेषण |
|---|---|
| सफ़ेद पट्टी | सफ़ेद |
| भूरी जमीन | भूरी |
| नीली स्याही | नीली |
| हरा खेत | हरा |
| छोटा बाजरा | छोटा |
| तंग गलियाँ | तंग |
| गीली हवाएँ | गीली |
| पीले फूल | पीले |
| भयभीत चेहरा | भयभीत |
| गहरा गड्ढा | गहरा |

**बीरबहूटी की विशेषताएँ**

बीरबहूटी

- सुर्ख
- मुलायम
- गदबदी
- खून की बूँदें जैसी

फुलेरा जंक्शन की विशेषताएँ

फुलेरा

- मालगाड़ियों और सवारीगाड़ियों से भरा जंक्शन
- सूनी तंग गलियाँ
- बिजली के खंभे
- तारों की कतारें
- घंटियाँ बजाते फेरीवाले

## गुज़रें मुख्य घटनाओं से ...

- गीली ज़मीन पर बेला और साहिल का बीरबहूटियों को खोजना।
- पैंन में स्याही भरवाने के लिए दुकान जाना।
- सुरेंदर माटसाब का कॉपी जाँचना।
- 'सुल्ताना' डाकू कहकर बच्चों का चिढ़ाना।
- गांधी चौक की बालू में लंगड़ी टाँग खेलना।
- बेला और साहिल का सरकारी अस्पताल में मिलना।
- पाँचवीं का रिज़ल्ट आना।
- एक दूसरे का रिपोर्ट कार्ड देखना।
- बेला और साहिल का बिछुड़ जाना।

## दोस्ती बेला और साहिल की ...

- हमेशा एक साथ स्कूल आना - जाना
- बीरबहूटियों को खोजना
- एक साथ पढ़ना - लिखना
- एक का दर्द दूसरे का भी समझना
- अलग होने पर दुखी होना
- एक दूसरे को चाहना

## इन प्रयोगों पर ध्यान दें ।

**" बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए ।"**

बिना सोच - विचार करके कुछ नहीं करना चाहिए । साहिल ने पैंन में स्याही भरवाने की इच्छा से उसमें बची स्याही ज़मीन पर छिड़क दिया था। दुकान में स्याही खतम हो गई थी । कोई भी काम करने से पहले सोच विचार करना चाहिए। यह समझाने के लिए दुकानदार ने ऐसा कहा।

**जब बेला साहिल के पास आकर बैठी उससे नज़र नहीं मिला पाई ।**

बेला जानती थी कि साहिल की नज़र में वह बहुत अच्छी लड़की है। साहिल के सामने बेला स्वयं अपमानित होना नहीं चाहती थी। माटसाब ने साहिल के सामने बेला के बालों में पंजा फँसाकर फेंकने वाले थे। यह देखकर सब डर गए थे। इससे बेला शर्मिंदा महसूस हुई थी। इसलिए बेला साहिल के पास आकर बैठ गई। वह उससे नज़र नहीं मिला पाई।

**यह बारिशों से पहले की बारिश का एक दिन था ।**

साहिल और बेला अगले साल अलग - अलग स्कूलों में पढ़ने वाले हैं। उनकी दोस्ती आगे खतम होने वाली है। यह सोचकर दोनों की आँखें भर गई थीं। यह देखकर लेखक को ऐसा लगा कि यह बारिश से पहले की बारिश का एक दिन था।

**बच्चों को अपने चारों ओर खेलते देखकर गांधीजी की मूर्ति ऐसी दिखाई पड़ती जैसे और समय से कुछ अधिक मुस्करा रही हो।**

गांधीजी बच्चों से बहुत प्यार करते थे। बच्चे खेल घंटी में गांधी चौक की बालू में लंगड़ी टाँग खेला करते थे। बच्चों की दोस्ती और प्यार देखकर कहानीकार को लगता है कि गांधीजी की मूर्ति और समय से कुछ अधिक मुस्करा रही है।

# चरित्र चित्रण :

## सुरेंदर माटसाब

- गणित का मास्टर
- गुस्सालू प्रकृति
- बच्चों का डरना
- अकारण मारना
- क्रूर स्वभाववाला

## बेला ओर साहिल

- आपस में चाहना
- एक साथ स्कूल आना - जाना
- एक दूसरे का दुख अपना दुख समझना
- बिछुड़ जाने पर दुखी होना
- सच्ची दोस्ती

## सुरेंदर माटसाब : ऐसे भी एक मास्टर

' बीरबहूटी ' कहानी का प्रमुख पात्र हैं- सुरेंदर माटसाब। वे बेला और साहिल के गणित का मास्टर हैं । वे आदत से गुस्सालू हैं। बच्चे उनके नाम सुनते ही डर जाते हैं। उनके पीरियड़ के दो मिनिट पहले बच्चे अपने - अपने स्थान पर आ बैठते हैं। वे ज़रा - सी गलती पर बच्चों को मारते हैं। बाल पकड़कर इधर - उधर फेंकते हैं। बच्चों की कॉपियाँ भी फेंक देते हैं। वे क्रूर स्वभाव के अध्यापक हैं। वे मास्टर बनने के योग्य नहीं हैं।

## बेला और साहिल दोस्ती की मिसाल

बेला और साहिल ' बीरबहूटी ' कहानी के मुख्य पात्र हैं। वे पाँचवी कक्षा में पढ़ते हैं। वे आपस में बहुत चाहते हैं। हमेशा एक साथ स्कूल आते - जाते हैं। बीरबहूटियों को खोजना आदि एक साथ करते हैं। वे दूसरे का दुःख अपना दुःख समझते हैं। वे एक साथ बैठते हैं , खेलते हैं। पाँचवीं पास करके वे दोनों अलग - अलग जगहों पर पढ़ने जाते हैं। इसलिए दोनों बहुत दुःखी होते हैं।

## पटकथा

| |
|---|
| दृश्य सं : |
| स्थान : |
| समय : |
| पात्र,आयु : |
| वेशभूषा : |
| संदर्भ : |
| (दृश्य का विवरण) |
| संवाद : |

## वार्तालाप / बातचीत

**ध्यान दें ।**

- विचार – विनिमय के लिए
- अनौपचारिक
- सरल एवं प्रसंगानुकूल भाषा
- पूर्ण वाक्य की ज़रूरत नहीं

## पत्र की रूपरेखा

स्थान,

तारीख

संबोधन,

अभिवादन

.......................(कलेवर)......................................

हस्ताक्षर

नाम

सेवा में ,

नाम

पता

# डायरी

**ध्यान दें ।**

- स्थान और तारीख का जिक्र हो।
- भाषा आत्मनिष्ठ और स्वाभाविक हो।
- दैनिक जीवन के खास अनुभवों और निरीक्षणों का उल्लेख हो।

**पटकथा :**

**पाँचवीं का रिज़ल्ट आ गया। दोनों पास हो गए। अब वे दोनों स्कूल के मैदान में खड़े हैं। इस प्रसंग पर पटकथा का एक दृश्य लिखें।**

**दृश्य एक**

स्थान : स्कूल का मैदान

समय : सुबह ग्यारह बजे

पात्र,आयु : बेला(11 साल)साहिल(11 साल)

वेशभूषा :स्कूली यूनिफ़ॉर्म

प्रसंग : ( रिज़ल्ट आ गया। दोनों पास हो गए। वे स्कूल के मैदान में खड़े हैं। )

**संवाद :** -

बेला : ( बड़ी खुशी से )साहिल , हम दोनों पास हो गए न ?

साहिल : ( खुशी से ) हाँ ,बेला।

बेला : साहिल , अब तुम कहाँ पढ़ोगे ?

साहिल : ( उदास होकर ) अजमेर , वहाँ के होस्टल में।

बेला : ( आश्चर्य से ) अजमेर !होस्टल !

साहिल : (दुःखी होकर )तुम कहाँ पढ़ोगी बेला ?

बेला : मैं शहर के राजकीय कन्या पाठशाला में।

(साहिल की आँखों में आँसू भर आती है )

रोनी सूरत साहिल ... रोनी सूरत साहिल ...

( दोनों हँसते हैं । फिर अलग - अलग रास्ते पर चले जाते हैं )

**दृश्य समाप्त**

## वार्तालाप / बातचीत

**दीपावली की छुट्टियों के बाद जब स्कूल खुला तो बेला के सिर पर सफ़ेद पट्टी बंधी थी। इस प्रसंग पर बेला और साहिल के बीच का वार्तालाप लिखें।**

साहिल : बेला , ओ बेला ....

बेला : क्या बात है प्रिय साहिल ?

साहिल : तेरे सिर पर क्या हुआ ?

बेला : चोट लगी है ।

साहिल : कैसे ?

बेला : छत से गिर गई ?

साहिल : छत से गिर गई ?

बेला : चलो यार ,लंगड़ी टाँग खेलेंगे।

साहिल : नहीं , तेरे सिर पर फिर से लग जाएगी तो ?

बेला : नही लगेगी। चलो।

## पत्र

**बेला और साहिल की भर्ती अलग-अलग स्कूल में हुई। बेला साहिल के नाम जो पत्र लिखती हैं, वह कल्पना करके लिखें।**

फुलेरा

18 जून 2018

प्रिय साहिल ,

नमस्कार

तुम कैसे हो ? स्कूल कैसा है ? तुम्हें पसंद आया क्या ? नए-नए मित्र होंगे न ? हॉस्टल में सारी सुविधाएँ है क्या ? साहिल , तुम्हें पता है हमेशा तुम्हारी याद आती है। खेलते समय ,स्कूल आते -जाते समय । बहुत अच्छे दिन बिताए थे हम। स्कूल में आना-जाना , रास्ते में बीरबहूटियों को खोजना ,कक्षा में साथ-साथ बैठना ,लंगड़ी टाँग खेलना... मेरी गणित अध्यापिका रीता जी बहुत अच्छी हैं। कोई भी अध्यापक हमें मारते नहीं हैं। सभी अध्यापक अच्छे हैं।

साहिल , बस इतना ही। बाकी अगले पत्र में छुट्टियों में गाँव आओगे न ? तब मिलेंगे ज़रूर

तुम्हारा प्रिय मित्र ,

हस्ताक्षर

बेला

| |
|---|
| सेवा में , |
| नाम , |
| पता |

## टिप्पणी

## दोस्ती साहिल और बेला की ...

साहिल और बेला दोनों पाँचवीं कक्षा में पढ़ते हैं । दोनों अच्छे मित्र हैं । एक साथ स्कूल आते-जाते हैं और रास्ते में बीरबहूटियों को खोजते हैं । वे एक साथ भोजन करते हैं । बेला और साहिल खेल घंटी में गांधी चौक में लंगड़ी टाँग खेलते हैं | पाँचवीं का रिज़ल्ट आया तो छठी कक्षा में दोनों अलग-अलग स्कूलों में पढ़ने की बात सुनकर बहुत दुखी भी होते हैं । वे एक दूसरे को बहुत प्यार करते हैं ।

# पाठ – 2
# टूटा पहिया (कविता )

## मुख्य बातें

**कवि** : धर्मवीर भारती

: लेखक ,कवि ,नाटककार।

**टूटा पहिया**

➔ : प्रतीकात्मक कविता है।

➔ : आत्मकथात्मक शैली में लिखी गई कविता है।

➔ : महाभारत की पौराणिक कथा पर आधारित कविता है।

- ➔ टूटा पहिया उपेक्षित और लघु मानव का प्रतीक है।
- ➔ अभिमन्यु उच्च मानव और न्याय का प्रतीक है।
- ➔ चक्रव्यूह सामाजिक समस्याओं का प्रतीक है।
- ➔ महारथी अन्याय और अधर्म का प्रतीक है।
- ➔ ब्रह्मास्त्र अधिकार का प्रतीक है।

विशेषण पर ध्यान दें ।

| विशेषण | विशेष्य |
|---|---|
| टूटा | पहिया |
| दुरूह | चक्रव्यूह |
| निहत्थी | आवाज़ |
| दुस्साहसी | अभिमन्यु |
| बड़े–बड़े | महारथी |
| सामूहिक | गति |

शब्दार्थ पर ध्यान दें ।

चुनौती देना – ललकारना – **To challenge**

कुचल देना – रौंदना – **To trample**

लोहा लेना – सामना करना – **To face**

झूठी पड़ जाना – गलत पड़ जाना – **To become wrong**

आश्रय लेना – सहारा लेना –**To help**

**कविता पर टिप्पणी**

## मुझे मत फेंकों ...

हिंदी के प्रसिद्ध लेखक,नाटककार,कवि,धर्मवीर भारती की कविता है –टूटा पहिया। यह आत्मकथात्मक शैली में लिखी गई कविता है।यह कविता महाभारत की पौराणिक कथा के आधार पर लिखी गई है।

कविता में कवि स्वयं को टूटा पहिया मानता है। ये कहते हैं टूटा पहिया समझकर उसे फेंक देना नहीं चाहिए।यह बाद में काम आएगा। महाभारत के युद्ध में कई महारथी असत्य या अन्याय के पक्ष में रहकर लड़ रहे थे। अर्जुन का पुत्र अभिमन्यु जिसे दूस्साहसी कहते हैं। न्याय के पक्ष में रहकर लड़ रहा था। कौरव पक्ष के महारथी असहाय,निरीह और निरायुध बालक अभिमन्यु की आवाज को कुचल देना चाहते थे। अभिमन्यु निडर होकर टूटे पहिए का सहारा लेकर उसका सामना भी किया। इस पौराणिक प्रसंग को याद दिलाते हुए कवि कहते हैं कि इस प्रकार की अधार्मिक घटनाएँ आगे भी हो सकती है। इसलिए टूटे हुए पहिए को तुच्छ या नाचीज़ समझकर फेंकना नहीं चाहिए। तुच्छ समझने वाली वस्तुएँ  कभी–कभी सांत्वना देने में सहायक हो सकती है।

इस कविता में कवि कहना चाहते हैं कि इतिहासों की सामूहिक गति अधर्म के पक्ष की ओर मुड़कर जाए तो सच्चाई के पक्ष पर टूटे पहिए का सहारा ले सकता है।

यह एक प्रतीकात्मक कविता है। यहाँ टूटा पहिया लघु मानव यानी उपेक्षित मानव का प्रतीक है। अभिमन्यु उच्च मानव अथवा न्याय का प्रतीक है। कौरव पक्ष के महारथी अन्याय का प्रतीक मानते हैं। चक्रव्यूह सामाजिक समस्याओं का प्रतीक है। असल में कौरव पक्ष के महारथी शोषक का भी प्रतीक हैं। यह कविता बिल्कुल प्रासंगिक है।

# पाठ – 3

# आई एम कलाम के बहाने

पात्र पहचानें।

| |
|---|
| मिहिर – लेखक |
| मोरपाल – मिहिर का मित्र |
| छोटू उर्फ़ कलाम – चाय की दुकान में काम करनेवाला लड़का |
| रणविजय – ढाणी के राणा का बेटा |
| भाटी सा – चाय की दुकान का मालिक |
| लूसी मैडम –विदेशी टूरिस्ट |

विशेष प्रयोग...

| | |
|---|---|
| अदला–बदली | लेनदेन / विनिमय |
| इशारा करना | संकेत करना |
| कमरतोड़ मेहनत करना | अधिक परिश्रम करना |
| नकल करना | अनुकरण करना |
| बाँछें खिल जाना | प्रसन्न हो जाना |
| वाहवाही करना | प्रशंसा करना |
| दवा करना | चिकित्सा करना |
| मंजिल पाना | लक्ष्य पाना |
| खेत मजूरी करना | खेती–बाड़ी करना |
| हैरान होना | आश्चर्यचकित होना |
| इल्ज़ाम सहना | आरोप सहना |

## इन्हें पहचानें।

| मोरपाल | मिहिर |
|---|---|
| ➢ गरीब परिवार का लड़का।<br>➢ दूर से साइकिल चलाता आता है।<br>➢ रोज़ स्कूल आना पसंद करता है।<br>➢ रोज़ छाछ लाता है।<br>➢ राजमा – चावल पसंद करता है।<br>➢ हमेशा नीली – खाकी यूनीफ़ॉर्म पहनता है। | ➢ अमीर परिवार का लड़का है।<br>➢ स्कूल न जाने के लिए बहाना बनाया करता है।<br>➢ छाछ बहुत पसंद करता है।<br>➢ यूनीफ़ार्म पहनना पसंद नहीं करता है।<br>➢ रोज़ राजमा – चावल लाता।<br>➢ कीमती कपड़े पहनता है।<br>➢ छुट्टियों में घर पर कमरतोड़ मेहनत करता है। |

| छोटू उर्फ़ कलाम | रणविजय |
|---|---|
| ➢ गरीब परिवार का लड़का है।<br>➢ सुदूर गाँव से आया है।<br>➢ चाय की दुकान में काम करता है।<br>➢ स्कूल जाना चाहता है।<br>➢ पढ़ – लिखकर कलाम – सा बनना चाहता है।<br>➢ कोई भी कार्य सीखने में तेज़ है।<br>➢ समझदार और ईमानदार लड़का है।<br>➢ जीवजंतुओं से सहानुभूति रखता है।<br>➢ दोस्ती का महत्व समझता है। | ➢ ढाणी के राणा का बेटा है।<br>➢ स्कूल जाना पसंद नहीं करता है।<br>➢ परीक्षा से डरता है।<br>➢ अमीर – गरीब,उच्च – नीच भेदभाव नहीं है।<br>➢ दोस्ती का महत्व समझता है। |

**इन प्रयोगों पर ध्यान दें।**

**हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला–बदली का।**

अदला– बदली का मतलब है लेन–देन। मोरपाल अपना छाछ मिहिर को एवं मिहिर अपना राजमा – चावल मोरपाल को देता है। इससे दोनों की दोस्ती और भी बढ़ जाती है।

**'रविवार की छुट्टी का दिन उनके लिए हफ़्ते का सबसे बुरा दिन हुआ करता। '**

मोरपाल के लिए रविवार का दिन बुरा दिन था। लेकिन बाकी स्कूली दिनों में कमरतोड़ मेहनत से छुट्टी मिलती थी और राजमा – चावल जैसे स्वादिष्ट भोजन भी मिलता था।

**बाकी निन्यानवे कहानियों को कभी भूलना नहीं चाहिए जो हमारे बचपनों में है ।**

आई एम कलाम  नामक सिनेमा में नायक छोटू जीवन में सफल होता है। एक अच्छे दोस्त की मदद से पाठशाला तक पहुँचकर उसका सपना साकार हो जाता है। लेकिन ऐसी बातें विरले ही देखने को मिलती है । सैकड़ों में एक –दो ही इस प्रकार ज़िंदगी में कामयाब हो जाता है।

**लेकिन छोटू सिर्फ़ छोटू होकर नहीं जीना चाहता है।**

ढाणी पर काम करनेवाले सभी बच्चों को छोटू नाम से पुकारा जाता है। कभी–कभी ऐसे बच्चों का जीवन ढाणी पर ही समाप्त होता है। लेकिन हमारे नायक छोटू होशियार है। उसका एक सपना था , पढ़ – लिखकर बड़े होकर राष्ट्रपति कलाम जैसा बनना। और अपने पैरों पर खड़े हो जाना।

## पटकथा

**मोरपाल जिसके मेरे खाने के डिब्बे में राजमा देखते ही बाँछें खिल जाती थी, हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला–बदली का।यानी मेरे खाने के टिफ़िन के राजमा – चावल उसके और उसके छाछ का डिब्बा मेरा।**

**दृश्य 1**

स्थान – स्कूल की कक्षा

समय – दोपहर 1 बजे

पात्र :मिहिर –(ग्यारह साल का लड़का)

मोरपाल –(ग्यारह साल का लड़का)

वेशभूषा – नीली–खाकी यूनीफ़ॉर्म पहने हैं।

दोनों बच्चे खाने बैठे हैं। एक के पास छाछ का डिब्बा है । .दूसरे के पास राजमा –चावल।

**संवाद :**

| | |
|---|---|
| मिहिर | : अरे मोरपाल, आज क्या लाए हो ? |
| मोरपाल | : वही रोज़ का छाछ ।और तुम ? |
| मिहिर | : (हँसते हुए)वही राजमा –चावल ।यह लो। |
| मोरपाल | :क्या बात है ! एकदम बढ़िया। राजमा मेरी बड़ी कमजोरी है। |
| मोरपाल | : राजमा–चावल कैसे बनाता है ? |
| मिहिर | :कौन जाने ?यह सब अम्मा बनाती हैं। |
| मोरपाल | :अम्मा को बधाई देना। |
| मिहिर | : यह छाछ बिना छलकाए कैसे यहाँ पहूँचाते हो ? |
| मोरपाल | :वह तो कोई बड़ी बात नहीं है। घंटी बज गई। |
| मिहिर | : चलो। |

( दोनों बच्चे चले जाते हैं । )

**दृश्य समाप्त**

## डायरी

**वह तय करता है कि वह अपनी चिट्ठी सीधे अपने हमनाम डॉक्टर कलाम को दिल्ली जाकर खुद देगा और वह अकेला ही निकलता है। रास्ते में मुश्किलें हैं लेकिन कथा के अंत में कलाम को अपनी मंजिल मिलती है।**

1 जून 1990
सोमवार

आज मैं बहुत खुश हूँ। खुशी का कोई ठिकाना ही नहीं। आज पहली बार मैं स्कूल गया। बहुत मज़ा आया। सब रणविजय की मदद से हुई है। यूनीफ़ार्म पहनकर ...बस्ता लेकर ...स्कूल बस में चढ़कर स्कूल की ओर। अध्यापकों से मिलकर ....उनकी वाणी सुनते हुए अजीब – सा आनंद हुआ। मैं ज़रूर बड़ा बनकर राष्ट्रपति कलाम जैसा बनूँगा। लेकिन मेरी पढ़ाई के लिए कुछ काम करना पड़ेगा। मैं किसी की सहानुभूति नहीं चाहता ... अपने पैरों पर खड़ा होना चाहता हूँ। बस आज इतना ही। बाकी कल। गृहकार्य कर चुका हूँ।नींद आ रही है। कल सुबह उठना चाहिए। एक सफल दिन बीत गया।

शुभरात ।

## पढ़ें , समझें।

- मैं स्कूल जाने में रोया करता था।
- छुट्टी हो जाया करती थी।
- वे छुट्टियों में गाँव जाया करते थे।
- प्रियंका रोज़ क्रिकेट खेला करती थी।
- लड़कियाँ सभा में गीत गाया करती थीं।

पोस्टर

# आई एम कलाम

## सिनेमा प्रदर्शनी

12 फरवरी 2022

शुक्रवार

दोपहर 2:00 बजे

उद्घाटक : **सुरभी नरिक्कुनी** (फिल्म अभिनेत्री )

## सबका स्वागत

हिंदी क्लब –जी एच एस एस कोडुवल्ली

# चरित्र चित्रण

## दोस्ती की मिसाल – रणविजय

रणविजय नील माधव पांडा का आई एम कलाम के बहाने नामक फिल्मी लेख का मुख्य पात्र है। दस साल का लड़का रणविजय ढाणी के राणा का बेटा है। इसे स्कूल जाना कतई पसंद नहीं। अमीर–गरीब के भेदभाव नहीं रखनेवाला चाय की दुकान में काम करनेवाले कलाम का दोस्त बन जाता है। कलाम के साथ घुड़सवार, ऊँटसवार , अंग्रेज़ी एवं हिंदी सीख लेता है।

गरीबों से हमदर्दी रखने वाला कुंवर रणविजय अपने हमसफ़र कलाम को अपना सपना साकार करने के लिए पुस्तक ,यूनीफ़ार्म आदि देकर अपने साथ देता है।

अपने दोस्त कलाम पर चोरी का इल्ज़ाम पड़ने पर वह बड़ा दुखी होता है। रणविजय सच्ची दोस्ती की मिसाल है।

## छोटू सिर्फ छोटू नहीं

नील माधव पांडा की आई एम कलाम फिल्म का नायक है छोटू उर्फ़ कलाम। दस साल का कलाम भाटी सा की चाय की दुकान में काम करता है। उसका सपना है स्कूल जाना और पढ़–लिखकर राष्ट्रपति कलाम–सा बनना। उसके लिए वह अपना नाम खुद कलाम रखता है।

कलाम सीखने में तेज़ है। चाय बनाना, ऊँट की दवा करना आदि वह जल्दी ही सीख लेता है। वह इतना होशियार है कि झट से विदेशी टूरिस्टों की बोली सीख जाता है और लूसी मैडम का दिल भी जीत लेता है।

कलाम अपने भोलापन से ढाणी के राजकुमार रणविजय का दोस्त बन जाता है। वह इतने अकलमंद है कि कुँवर रणविजय के लिए भाषण तक लिख कर देता है और उसको इनाम मिलने का कारण बन जाता है।

कलाम एक ईमानदार लड़का है। चोरी का आरोप भी वह सह लेता है। फिर भी दोस्ती का प्रण तोड़ने के लिए तैयार नहीं होता है।

# पाठ – 4

## सबसे बड़ा शो मैन

**वाक्य पढ़ें और समझें ।**

| | |
|---|---|
| चार्ली गीत गाने लगा । | माँ गीत गाने लगीं । |
| मैनेजर आने लगे । | लूसी मैडम आने लगीं । |
| लड़का खेलने लगा । | लड़की खेलने लगी । |
| लड़के खेलने लगे । | लड़कियाँ खेलने लगीं । |
| आदमी चिल्लाने लगा । | लोग चिल्लाने लगे । |
| चार्ली पैसा बटोरने लगा । | माँ पैसा बटोरने लगीं । |

## वार्तालाप /बातचीत

**मैनेजर चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा । माँ और मैनेजर के बीच का वार्तालाप लिखें ।**

मैनेजर : क्या हुआ हेन्ना ?

माँ : मुझे ... मेरा गला खराब हुआ ।

मैनेजर : और एक बार कोशिश करो |

माँ : कोई फायदा नहीं ।

मैनेजर : देखो , लोग चिल्ला रहे हैं ।

माँ : हे भगवान , अब क्या करें ?

मैनेजर : मैं एक बात कहूँ ?तुम मानोगी क्या ?

माँ : बताइए ।

मैनेजर : चार्ली को स्टेज पर भेजो,वह कुछ
करके दिखाएगा ।

माँ : चार्ली ! आप यह क्या कह रहे हैं ?

मैनेजर : मैंने उसका अभिनय देखा है।
वह बड़ा होशियार है। इसलिए कह रहा हूँ।

माँ : पाँच साल का मेरा बच्चा इस उग्र भीड़ को कैसे झेल पाएगा ?

मैनेजर : घबराओ नहीं मुझे उस पर विश्वास है।

माँ : जी वह ...

मैनेजर :और कोई उपाय नहीं हमें ,जल्दी उसे स्टेज पर भेजो।

माँ : अच्छा,ठीक है ।

## डायरी

**मैनेजर चार्ली को स्टेज पर भेजने की ज़िद करने लगा मैनेजर की उस दिन की डायरी कल्पना करके लिखें।**

5 नवंबर 1894
रविवार

आज का दिन मेरी ज़िंदगी का सबसे महत्वपूर्ण दिन था। मैंने जो कुछ किया था , वह बिल्कुल सही निकला। चार्ली बहुत होशियारी से लोगों को अपने वश में कर लिया ।केवल पाँच साल का लड़का बड़ी चतुराई है उसमें । मुझे डर था कि पाँच साल का लड़का उग्र भीड़ को झेल पाएगा क्या ? उसका जैक जोन्स का गाना ... बहुत अच्छा निकला । दूसरों की नकल उतारना ...नाचना ...सब अच्छे निकले। स्टेज पर लोग जमकर पैसे बरसने लगे। तारीफ़ करने लगे। मन खुशी से खिल उठने लगा। जरूर वह एक बड़ा शोमैन बनेगा ।

बस ... आज इतना ही। बहुत नींद आ रही है।एक सफल दिन की उम्मीद में ...शुभरात ...

## पोस्टर

' सप्तस्वर कला समिति ' के तत्वावधान में कोषिक्कोड टाऊण हॉल में चार्ली चैप्लिन के सिनेमाओं का प्रदर्शन होने वाला है। इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

चार्ली चैप्लिन

# फिल्मोत्सव

10 जून–2022

रविवार

शाम 4:00 बजे से

टाउन हॉल, कोषिक्कोड

- ✔ मॉडर्न टाइम्स
- ✔ दि सर्कस
- ✔ दि किड

सबका स्वागत

सप्तस्वर कला समिति – सरकारी स्कुल नरिक्कुनी

**' उसने जन्म ले लिया था। ' इसका क्या मतलब है ?**

चार्ली की माँ थिएटर में गीत गा रही थी। गला खराब हो जाने के कारण उसे स्टेज छोड़ना पड़ा। मैनेजर ने पाँच साल के चार्ली को माँ के बदले स्टेज पर ले गया। चार्ली का यह पहला शो था। उसने एक अच्छा प्रदर्शन भी किया था। दर्शक खुश होकर तालियाँ बजाईं। दुनिया के सबसे बड़े शो मैन का यहाँ जन्म हो चुका था।

**' इस बात ने हॉल को हँसीघर में तब्दील कर दिया। ' – क्यों?**

चार्ली ने स्टेज पर अच्छा प्रदर्शन किया था। स्टेज पर पैसों की वर्षा होने लगी। चार्ली ने गाना रोककर कहा कि पहले मैं पैसे बटोरकर बाद में गाऊँगा। यह सुनकर लोग हँसने लगे। इस बात ने हॉल को हँसीघर में तब्दील कर दिया।

**' इस अभद्र शोर ने माँ को स्टेज से हटने को मज़बूर कर दिया। ' उस समय माँ की क्या हालत होगी ?**

चार्ली चैप्लिन की माँ थिएटर में गीत गा रही थी। अचानक उसका गला खराब हो गया। दर्शकों के शोर मचाने के कारण उसको स्टेज छोड़ना पड़ा। वह बहुत अपमानित हुई होगी। गीत गाकर जीविका चलानेवाली की हालत बिलकुल दयनीय होगी।

**यह रपट पढ़ें।**

## कमाल कर दिया – पाँच साल का बच्चा

**लंदन** : कल आल्डर शॉट थिएटर में पाँच साल का लड़का दर्शकों के सामने कमाल करके दिखाया। मशहूर गायिका हेन्ना को गाते समय गला खराब होने से स्टेज से हटना पड़ा। लेकिन उसके पाँच साल का लड़का चार्ली ने अपने नृत्य,गीत और मासूमियत से लोगों को वश में कर लिया। उसने दर्शकों से बातचीत की,नृत्य किया और अपने माँ सहित कई गायकों की नकल उतारी। दर्शक खड़े होकर तालियाँ बजाकर चार्ली को प्रोत्साहित करने लगे। लोगों का कहना है कि निश्चय ही चार्ली एक बड़ा कलाकार बन जाएगा।

## पत्र

**चार्ली की माँ अपना अनुभव सहेली लूसी से बताना चाहती है। माँ का वह पत्र कल्पना करके लिखें।**

लंदन
5 नवंबर 1894

प्रिय लूसी ,

नमस्कार

तुम ठीक हो न ? कई दिनों से तुम्हें चिट्ठी लिखने को सोच रही थी। आज ही मुझे समय मिला ।एक खास बात बताने के लिए मैं यह पत्र लिख रही हूँ। यह पढ़कर तुम ज़रूर चकित हो जाएगी। कल आल्डर शॉट थिएटर में एक शो चल रहा था। मैं स्टेज पर गा रही थी । अचानक मेरी आवाज़ फटकर फुसफुसाहट में बदल गई। दर्शक चिल्लाने लगे। मैनेजर की ज़िद से मैंने चार्ली को स्टेज पर भेजा। कमाल की बात है कि उसका गाना बहुत अच्छा था। लोग जमकर पैसे बरसने लगे। उसकी नाच,दूसरों की नकल आदि... बहुत अच्छा था। सच कहूँ तो वह एक शो मैन बन गया। मुझे लगती है कि आगे मैं गा नहीं पाऊँगी लेकिन मेरा बेटा ज़रूर कल से शो करेगा। अब इतना ही। घर में सब को मेरा प्यार भरा नमस्कार ।

जवाब की प्रतीक्षा में ,

तुम्हारी सहेली ,

हस्ताक्षर
हेन्ना

सेवा में ,
नाम
पता

# सर्वनाम + प्रत्यय

| | ने | को | से | का | के | की | में | पर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सर्वनाम | | | | | | | | |
| मैं | मैंने | मुझको,मुझे | मुझसे | मेरा | मेरे | मेरी | मुझमें | मुझपर |
| हम | हमने | हमको,हमें | हमसे | हमारा | हमारे | हमारी | हममें | हमपर |
| तू | तूने | तुझको,तुझे | तुझसे | तेरा | तेरे | तेरी | तुझमें | तुझपर |
| तुम | तुमने | तुमको तुम्हें | तुमसे | तुम्हारा | तुम्हारे | तुम्हारी | तुममें | तुमपर |
| यह | इसने | इसको,इसे | इससे | इसका | इसके | इसकी | इसमें | इसपर |
| वह | उसने | उसको,उसे | उससे | उसका | उसके | उसकी | उसमें | उसपर |
| ये | इन्होंने | इनको,इन्हें | इनसे | इनका | इनके | इनकी | इनमें | इनपर |
| वे | उन्होंने | उनको,उन्हें | उनसे | उनका | उनके | उनकी | उनमें | उनपर |
| जो( ए .व) | जिसने | जिसको जिसे | जिससे | जिसका | जिसके | जिसकी | जिसमें | जिसपर |
| जो( ब. व) | जिन्होंने | जिनको जिन्हें | जिनसे | जिनका | जिनके | जिनकी | जिनमें | जिनपर |
| कौन(ए .व) | किसने | किसको किसे | किससे | किसका | किसके | किसकी | किसमें | किसपर |
| कौन (ब.व) | किन्होंने | किनको किन्हें | किनसे | किनका | किनके | किनकी | किनमें | किनपर |
| कोई (ए.व) | किसीने | किसीको | किसीसे | किसीका | किसीके | किसीकी | किसीमें | किसीपर |
| कोई (ब.व) | किन्हींने | किन्हींको | किन्हींसे | किन्हींका | किन्हींके | किन्हींकी | किन्हींमें | किन्हींपर |

# पाठ – 5

# अकाल और उसके बाद

**मुख्य बातें**

- बाबा नागार्जुन –प्रगतिशील साहित्यकार।
- अकाल और उसके बाद –प्रतीकात्मक कविता।
- बिहार में हुए भीषण अकाल  पर लिखी हुई कविता।
- कविता में मानवीकरण।
- अकाल का असर सभी जीवों पर पड़ता है।
- चूल्हा,चक्की,कानी कुतिया, छिपकली,चूहा,कौआ आदि प्रतीक हैं।

**कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास**
**कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास**
**कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त**
**कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त ।**

अकाल के कारण कई दिनों तक चूल्हा रोया,यानी चूल्हा नहीं जला। घर में कुछ नहीं पकाया गया। चक्की भी उदास रही,यानी चक्की में अनाज नहीं पीसा गया। कई दिनों तक कानी कुतिया चूल्हे तथा चक्की के पास सोई पड़ी। उसे कुछ भी खाने को नहीं मिला। कई दिनों तक दीवार पर छिपकलियों का पहरा रहा। उन्हें भी खाना न मिला। अकाल के कारण उन दिनों में चूहों की हालत भी दयनीय हो गई। भूख के मारे सभी जीव मुश्किल में पड़े हुए हैं।

घर में खाने के लिए कुछ न होने पर घर में रहनेवाले अन्य जीवों पर भी अकाल का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है।

**दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद**
**धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद**
**चमक उठी घर भर की आँखें कई दिनों के बाद**
**कौए ने खुजलाईं पाँखें कई दिनों के बाद ।**

अकाल के बहुत दिन बीतने पर घर में खाने के लिए अनाज आए। तब चूल्हा जला और आँगन में धुआँ उठा। यानी घर में कुछ पकाया जा रहा है। कई दिनों के बाद घर के सभी जीवों को खाने के लिए कुछ मिलनेवाला है। इसी कारण उनकी आँखों में खुशी छा गई। इस अवसर पर कौए ने अपने पंख खुजलाने लगे। कौए को भी आज खाने के लिए ज़रूर कुछ मिला है।

अकाल का असर केवल मनुष्यों को ही नहीं,उसके आसपास रहनेवाले अन्य जीवों पर भी पड़ना स्वाभाविक है।

**' कई दिनों तक ' का प्रयोग :**

कवि ने ' कई दिनों तक ' का प्रयोग बार–बार किया है। अकाल से उत्पन्न भीषण तथा कष्टदायक स्थिति का वर्णन करने के लिए कवि ने ऐसा प्रयोग किया है। अकाल की तीव्रता और तीक्ष्णता को पाठकों तक पहुँचाना कवि का लक्ष्य था।

**' कई दिनों के बाद ' का प्रयोग :**

कवि ने ' कई दिनों के बाद ' का प्रयोग बार–बार किया है। अकाल से उत्पन्न भीषण तथा कष्टदायक स्थिति के बाद घर में अनाज आने पर जो खुशी होती है इसे दिखाने के लिए कवि ने ऐसा प्रयोग किया है। अकाल के बाद सुकाल आने पर सब खुश हो जाते हैं।

**अकाल के समय :**

- चूल्हे का रोना।
- चक्की का उदास होना।
- कानी कुतिए का चक्की और चूल्हे के पास सोना।
- दीवार पर छिपकलियों का घूमना।
- चूहों की हालत खराब होना।

**अकाल के बाद :**

- घर के अंदर दाने का आना।
- आँगन से धुआँ उठना।
- घर के सदस्यों की आँखें चमकना।
- कौए का पंख खुजलना।

## पाठ – 6

# ठाकुर का कुआँ

**पढ़ें और समझें।**

**जोखु :**

- यह कैसा पानी है ?मारे बास के पिया नहीं जाता। गला सूखा जा रहा है और तू सड़ा पानी पिलाए देती है !
- अब तो मारे प्यास के रहा नहीं जाता। ला थोड़ा पानी नाक बंद करके पी लूँ।
- " पानी कहाँ से लाएगी ? "
- हाथ – पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा। बैठ चुपके से। ब्राह्मण – देवता आशीर्वाद देंगे,ठाकुर लाठी मारेंगें , साहूजी एक के पाँच लेंगे। गरीबों का दर्द कौन समझता है ! हम तो मर भी जाते हैं,तो कोई दुआर पर झाँकने नहीं आता, कंधा देना तो बड़ी बात है। ऐसे लोग कुएँ से पानी भरने देंगे ? "

**गंगी :**

- आज पानी में बदबू कैसी !
- ज़रूर कोई जानवर कुएँ में गिरकर मर गया होगा , मगर दूसरा पानी आवे कहाँ से ?
- ठाकुर के कुएँ पर कौन चढ़ने देगा ? दूर से लोग डाँट बताएँगे । साहू का कुआँ गाँव के उस सिरे पर है , परंतु वहाँ भी कौन पानी भरने देगा ?
- "यह पानी कैसे पिओगे ? न जाने कौन जानवर मरा है' 'कुए से मैं दूसरा पानी लाए देती हूँ।
- "ठाकुर और साहू के दो कुएँ तो हैं । क्या एक लोटा पानी न भरने देंगे ? "

**औरत 1 :**

- खाना खाने चले और हुक्म हुआ कि ताज़ा पानी भर लाओ। घड़े के लिए पैसे नहीं हैं ।
- " हाँ , यह तो न हुआ कि कलसिया उठाकर भर लाते । बस , हुकुम चला दिया कि ताज़ा पानी लाओ , जैसे हम लौंडियाँ ही तो हैं।
- " मत लजाओ , दीदी ! छिन –भर आराम करने को जी तरसकर रह जाता है । इतना काम किसी दूसरे के घर कर देती , तो इससे कहीं आराम से रहती । ऊपर से वह एहसान मानता ! यहाँ काम करते – करते मर जाओ ; पर किसीका मुँह ही सीधा नहीं होता। '

**औरत 2 :**

- "हम लोगों को आराम से बैठे देखकर जैसे मरदों को जलन होती है।
- "लौंडियाँ नहीं तो और क्या हो तुम ? रोटी कपड़ा नहीं पातीं ? दस –पाँच रुपये भी छीन –झपटकर ले ही लेती हो । और लौंडियाँ कैसी होती हैं !

**ठाकूर :**

- कौन है , कौन है ? '

**विशेषण शब्द पहचानें।**

- सख्त बदबू
- खराब पानी
- खास मुकदमा
- धुंधली रोशनी
- विद्रोही दिल
- बेचारा महँगू
- दबे पाँव

**विशेष प्रयोग पहचानें।**

- मैदानी बहादुरी – ज़बरजस्ती से कार्य करवाना / बलपूर्वक कार्य करवाना
- कानूनी बहादुरी – कानून के बहाने कार्य करवाना
- रसभरी आँखों से देखना – बुरी आँखों से देखना
- छाती पर साँप लोटना – घबराना
- मजूरी देते नानी मरना – बहाना बनाना
- शेर का मुँह – खतरनाक
- चौकन्नी दृष्टि से देखना – जागरूक होकर देखना

**'मैदानी बहादुरी का तो अब न ज़माना रहा है, न मौका।' इसका क्या मतलब है ?**

पुराने ज़माने में ठाकुर जैसे ऊँच जाति वाले निम्न जाति वालों पर अत्याचार करते थे। लेकिन अब वे रिश्वत के ज़रिए कानून को अपने अनुकूल बना देते हैं और लोगों पर अत्याचार करते हैं।

**'शेर का मुँह इससे अधिक भयानक न होगा।' यहाँ ठाकुर के दरवाज़े की तुलना शेर के मुँह से क्यों की गई है ?**

ठाकुर बड़ा क्रूर और अत्याचारी था। यदि कुएँ पर गंगी को कोई देख लें तो उसे मार डालेगा। ऐसे क्रूर ठाकुर के हाथों से बचना आसान नहीं है। इसलिए लेखक ने ठाकुर के दरवाज़े की तुलना शेर के मुँह से की गई है।

**पोस्टर पढ़ें ।**

**जाति न पूछो**

# संगोष्ठी

1 नवंबर 2022 सुबह 11 बजे

टाऊन हॉल में

**सबका स्वागत**

---

सनातन समाज, कालिकट , केरल

पोस्टर पढ़ें ।

  

## जाति न पूछो

## एक जाति ... एक धर्म... एक ईश्वर ...

## मानव के लिए

**- श्रीनारायणगुरु**

**हम सब एक हैं**

**सनातन** समाज, कालिकट , केरल

**पटकथा** :

**'हाथ–पाँव तुड़वा आएगी और कुछ न होगा। बैठ चुपके से। ब्राह्मण–देवता आशीर्वाद देंगे,ठाकुर लाठी मारेंगें,साहूजी एक के पाँच लेंगे। गरीबों का दर्द कौन समझता है ! हम तो मर भी जाते हैं,तो कोई दुआर पर झाँकने नहीं आता,कंधा देना तो बड़ी बात है। ऐसे लोग कुएँ से पानी भरने देंगे ?'**

सीन सं : 1

स्थान : जोखू की झोंपड़ी।

समय : शाम को 4 बजे।

पात्रः गंगी (40 साल),जोखू (45 साल)

वेशभूषा : गंगी साड़ी – ब्लाउज़

जोखू – धोती ,बनियान।

[ **जोखू बीमार है। वह चारपाई पर लेटा हुआ है।** ]

**संवाद :**

जोखू : (लेटते हुए पुकारता है) गंगी ... ओ गंगी ...

गंगी : (दौड़कर आती है) क्या हुआ ?

जोखू : (परेशानी से) थोड़ा पानी पिलाओ ...।

गंगी : अभी लाई। (चली जाती है)

जोखू : (स्वगत) हे भगवान ... गला सूखा जा रहा है ....

गंगी : ( लोटे में पानी लेकर आती है ) पानी पी लो।

जोखू : (लोटा नाक से लगाता है ) यह कैसा पानी है ? बदबू आ रही है ।

गंगी : बदबू !! यह कैसे ?

जोखू : पानी दो मुझे, नाक बंद करके पी लूँगा।

गंगी : नहीं ... नहीं ... बीमारी बढ़ जाएगी तो ...। दूसरा पानी ले आऊँगी।

जोखू : (आश्चर्य से) पानी कहाँ से लाएगी तू ?

गंगी : ठाकुर या साहू के कुएँ से।

जोखू : (गुस्से से) हाथ पाँव तुड़वा आएगी तू !

गंगी : (दुखी होकर) हे भगवान ...अब मैं क्या करूँ !

जोखू : (निराश होकर) तू चुपके से बैठ...

(गंगी चली जाती है । जोखू चुपचाप लेट जाता है।)

**(दृश्य समाप्त )**

# चरित्र चित्रण

## गंगी : सामाजिक असमानता की शिकार

प्रेमचंद की कहानी ' ठाकुर का कुआँ 'का मुख्य स्त्री पात्र है– गंगी। वह जोखू की पत्नी है। गंगी एक निम्न जाति की गरीब नारी है। वह बहुत साहसी औरत है। वह हिम्मत के साथ रात को ठाकुर के कुए पर पानी भरने के लिए चली जाती है। वह अपने पति जोखू से बहुत प्यार करती है। गंगी के मन में ठाकुर और साहू जैसे उच्च वर्ग के लोगों के अन्याय और अत्याचार के प्रति रोष की भावना भरी हुई है। गंगी बड़ी समझदार है। वह ऊँच–नीच भ्रष्टाचार आदि पर मन से तीखा प्रहार करती है। वह सोचती है कि गले में ताग डालने से कोई बड़ा नहीं बनता है। असल में गंगी कई सामाजिक असमानताओं की शिकार है। लेकिन मन का रोष मन में ही सीमित रहता है। वह पढ़ी लिखी नहीं है। गंगी सचमुच प्रेमचंद की एक सशक्त पात्र है।

## ठाकुर: अत्याचार का प्रतीक

प्रेमचंद जी की कहानी ' ठाकुर का कुआँ 'का एक पात्र है ठाकुर। वह एक अमीर आदमी है। क्रूर स्वभाववाला है। वह गरीबों का शोषण करता है। उनपर अत्याचार करता है। वह अपने साथ गुंडों को रखता है। उसने एक बार महँगू को खूब मारा था। ठाकुर बड़ा चालाक है। वह अब मैदानी बहादुरी के बदले कानूनी बहादुरी से काम चलाता है। थानेदार को रिश्वत देकर मुकदमों से निकल आता है। उसके घर के आगे एक कुआँ है। निम्न जातिवालों को उस कुएँ से पानी भरने का अधिकार नहीं है।

## वार्तालाप – जोखू और गंगी के बीच

**जोखू ने लोटा मुँह से लगाया तो पानी में सख्त बदबू आई गंगी से बोला यह कैसा पानी है ? मारे बास के पिया नहीं जाता। गला सूखा जा रहा है और तू सड़ा पानी पिलाए देती है ! इस प्रसंग पर जोखू और गंगी  के बीच का वार्तालाप लिखें।**

जोखू : गंगी ...ओ गंगी ...
गंगी : जी ... अभी आई।
जोखू : थोड़ा पानी पिलाओ न।
गंगी : अभी लाई।
जोखू : बहुत प्यास लगी है ।
गंगी : यह लो पानी।
जोखू : यह कैसा पानी है?
गंगी : क्या हुआ?
जोखू : बास के मारे पिया नहीं जाता।
गंगी : बास ?
जोखू : गला सूखा जा रहा है। तू मुझे सड़ा पानी पिलाई देती है।
गंगी : यह बदबू कैसे ?
जोखू : अब क्या करें ?थोड़ा पानी नाक बंद करके पी लूँगा।
गंगी : यह पानी कैसे पियोगे ?
जोखू : फिर मैं क्या करूँ ?
गंगी : मैं दूसरा पानी लेकर दूँगी।
जोखू : पानी कहाँ से लाएगी तू  ?
गंगी : ठाकुर या साहू के कुएँ से।
जोखू : हाथ–पाव तुड़वा आएगी तू । चुपके से बैठ।
गंगी : हे भगवान क्या करूँ।

# पाठ – 7

## हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था (टिप्पणी )

**(विनोद कुमार शुक्ल )**

**शिल्प पक्ष –** इसे काव्य पक्ष या कला पक्ष भी कहते हैं। कविता की भाषा ,छंद ,अलंकार ,शैली, प्रतीक बिंब,उपमान आदि से संबंधित है।

**कला पक्ष –** इसे आंतरिक पक्ष भी कहते हैं। इसका सीधा संबंध कविता के आशय या भाव से है। इसमें विशेष रूप से भावनाओं, कल्पनाओं तथा विचारों की प्रधानता है।

---

| जानना | नहीं जानना |
|---|---|
| ● हताशा | ● नाम |
| ● संकट | ● ओहदा |
| ● निराशा | ● जाति |
| ● दुःख | ● उम्र |
| ● असहायता | ● पता |

---

**सही प्रस्ताव चुनें।**

| |
|---|
| ● कवि व्यक्ति को पहले से जानता था। |
| ● कवि व्यक्ति के हताशा को जानता था। |
| ● व्यक्ति को उसका नाम ,पता ,उम्र , ओहदा आदि से जानता है। |
| ● व्यक्ति के संकट को जाना चाहिए। |
| ● दो मनुष्यों के बीच मनुष्यता या मानवीय संवेदना होना चाहिए। |
| ● मुसीबत में पड़े अपरिचित व्यक्ति को देखकर मदद करना हमारा कर्तव्य है। |
| ● जीवन में मानवीय मूल्यों का महत्व है। |
| ● विनोद कुमार शुक्ल की भाषा मौलिक एवं सहज है। |
| ● कविता एक गज़ल की तरह श्रोताओं के जुबान पर स्वयं आ जाते हैं। |
| ● इस कविता में जानना शब्द के रुढ़ीग्रस्त अर्थ को पूरी तरह से बदल देती है। |

**रपट पढ़ें**

**कुत्ता बचाने के दौरान बाइक दुर्घटनाग्रस्त :घायल व्यक्ति देर तक सड़क पर पड़ा रहा ।**

**कण्णूर :** चोव्वा रेलवे स्टेशन रोड़ पर एक कुत्ता बचाने के दौरान बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घायल व्यक्ति पंद्रह मिनट तक सड़क पर ही खून बहाकर पड़ा रहा । लोग तमाशा की तरह देख रहे थे।उसे अस्पताल ले जाने के लिए कोई तैयार नहीं हुआ। बाद में पुलिस आकर उसे इलाज के लिए परियाराम मेडिकल कॉलेज ले गया। घायल की पहचान बडकरा के मलयिल रफीख(35) के रूप में हुई है ।

**पढ़ें ,समझे**

- रमेश बैठ रहा था ।
- विमला बैठ रही थी ।
- बच्चे बैठ रहे थे ।
- लड़कियाँ बैठ रही थीं ।

***मान ले आप इस घटना स्थल पर उपस्थित है तो क्या करते ? क्यों ?**

उस घटनास्थल में मैं हूँ तो उसे ज़रूर अस्पताल ले जाएगा। क्योंकि वह असहाय है,मुसीबत में है। उसे मेरी मदद की ज़रूरत है।एक हताश व्यक्ति की सहायता करना हमारा कर्तव्य है,एक व्यक्ति की हताशा , निराशा,असहायता,संकट, दुःख आदि को जानना चाहिए ।

**पोस्टर**

## रक्तदान महादान

**14 जून**

**रक्तदान दिवस**

**एक बूंद रक्त दो,**

**एक जान बचाओ**

**रक्तदान समिति**

नरिक्कुनि, कोष़िक्कोड

➔ रक्तदान करो ...स्वास्थ्य बढ़ाओ ...।

➔ अंगदान जीवनदान

➔ नेत्रदान महादान

➔ करो दान गुर्दा, हृदय , जिगर की ...

➔ जीते – जीते रक्तदान जाते –जाते अंगदान

➔ गोरे हो या काले खून का रंग लाल

➔ नेत्रदान करो प्रकाश फैलाओ

➔ अपनी मृत्यु के बाद किसी को जीवित रहने दो

➔ करो अंगदान पाओ स्वर्ग में स्थान

➔ जाने के बाद नेत्रदान

***

# प्रश्न पत्र नमूना –1

कुल अंक 60

समय 90 मिनिट

## सूचना: 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

**"बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए। दुकानवाले भैया ने कहा और पूछा "कौन– सी में पढ़ते हो?" "पाँचवी में।" साहिल ने ऐसे बुरे मन से बताया जैसे पाँचवी में पढ़ना पाप हो।**

1. बेला और साहिल कौन – सी कक्षा में पढ़ते हैं ? (1)

2. "बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए। "दुकानदार ने ऐसा क्यों कहा? (2)

3. प्रस्तुत प्रसंग पर साहिल की डायरी कल्पना करके लिखें। (4)

## सूचना : 'टूटा पहिया' कविता की ये पँक्तियां पढ़ें और 4 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

**अपने पक्ष को असत्य जानते हुए भी**
**बड़े–बड़े महारथी**
**अकेली निहत्थी आवाज़ को**
**अपने ब्रह्मास्त्रों से कुचल देना चाहें।**

4 .महारथी किसका प्रतीक है? (1)

अथवा

**'बड़े महारथी'– विशेषण** शब्द लिखें।

5. कवि और कविता का परिचय देते हुए प्रस्तुत पंक्तियों का आशय लिखें। (3)

**सूचना: "सबसे बड़ा शो मैन" जीवनी का यह अंश पढ़ें 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

**अंत में माँ जब उसे लेने आई तो दर्शकों ने देर तक खड़े होकर तालियाँ बजाई। कई लोगों ने माँ से हाथ मिलाकर उसके छोटे बच्चे की तारीफ की । चार्ली स्टेज पर पहली बार आया और माँ आखरी बार...**

6.लोग किसकी तारीफ की?

अथवा

चार्ली को लेने कौन आई?

(मैनेजर ,टीचर, माँ ,सहेली) (1)

7. मान लें, आपके विद्यालय में चार्ली चैप्लिन के फिल्मों की प्रदर्शनी हो रही है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें।(4)

8 .चार्ली की माँ अपनी सहेली को उस दिन की बातों का वर्णन करते हुए एक **पत्र** लिखती है।

वह पत्र कल्पना करके लिखें।

अथवा

दुनिया के सबसे बड़ा शो मैन का यह पहला शो था । इस घटना के आधार पर एक रपट तैयार करें। (5)

**सूचना: 'आई एम कलाम के बहाने' फिल्मी लेख का यह अंश पढ़ें और 9 वां प्रश्न का उत्तर लिखें।**

**'राणा सा के कारिंदे कलाम के घर तलाशी लेने आते हैं और कुँवर रणविजय की चीज़ों को पा कलाम पर चोरी का आरोप लगाते हैं। लेकिन कलाम फिर कलाम है। इस झूठे आरोप के सामने भी अपनी दोस्ती का प्रण नहीं तोड़ता।**

**9**. कलाम और कारिंदे के बीच का वार्तालाप तैयार करें। (4)

**सूचना: 'ठाकुर का कुआँ' के यह अंश पढ़ें 10 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

**'जोखू ने लौटा मूँह से लगाया तो पानी में सख्त बद्बू आई । गंगी से बोला –यह कैसा पानी है? मारे बास के पिया नहीं जाता। गला सूखा जा रहा है और तू सड़ा पानी पिलाई देती है !'**

10. सही प्रयोग चुनकर लिखें। (1)

सड़ा पानी

सड़ी पानी

सड़े पानी

सड़ीं पानी

11. '**पानी की समस्या**' संकेतों की सहायता से एक लखु लेख लिखें।

- पानी जीवन का आधार
- पानी की आवश्यकता
- पानी की सुरक्षा

**अथवा**

जाति प्रथा अभिशाप है –इस पर एक टिप्पणी लिखें। (3)

12. प्रस्तुत भाग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य तैयार करें । (4)

**सूचना: 'अकाल और उसके बाद कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और 13 से 14 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

**" कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास**
**कई दिनों तक कानी कुत्तिया सोई उनके पास**
**कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त**

**कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।"**

13.अकाल से संबंधित तीन प्रसंगों को चुनकर लिखें। (3)

i–..........................................

ii–.........................................

iii–.........................................

14. कवि और कविता का परिचय देते हुए प्रस्तुत पंक्तियों का आशय लिखें। (4)

**सूचना: ' हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' पाठ का यह अंश पढ़ें 15 से 16 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

**"व्यक्ति को मैं नहीं जानता था ,हताशा को जानता था" कहते ही वे "जानने" की हमारी जानी– पहचानी रूढ़ि को तोड़ देते हैं जो व्यक्ति के नाम ,पते, उम्र ,ओहदे या जाति से जानने को जोड़ती है। यदि हम किसी व्यक्ति को उसकी हताशा ,निराशा ,असहायता या उसके संकट से नहीं जानते तो हम कुछ नहीं जानते।**

15. जानने का असली आधार क्या है ?

- व्यक्ति का नाम जानना।
- व्यक्ति का ओहदा जाना।
- व्यक्ति की जाति जानना।
- व्यक्ति की हताशा जानना। (1)

16. ' **हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था**' यह टिप्पणी किसने लिखा ? (1)

* नरेश सक्सेना

* मिहिर

* कनक शशि

**सूचना: "बसंत मेरे गांव का " यह अंश पढ़ें और 17 से 20 प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

**"बसंत फूलदेई का त्योहार लेकर आता है।देर शाम तक बच्चे फूल चुनते हैं। इन फूलों को रिंगाल से बनी खास तरह की टोकरियों में रखा जाता है । टोकरियों को रात भर पानी से भरी गागरों के ऊपर रखा जाता है ताकि वह**

**सुबह तक मुरझा न पाएं।"**

17.उत्तराखंड के हिमालयी आंचल में फूलदेई को बच्चों का सबसे बड़ा त्योहार मानते हैं क्यों?

अथवा

वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें।

(फूलों की, पानी से भरे)

- गागरों के ऊपर रखता है।
- टोकरियों को गागरों के ऊपर रखता है।
- -------------
- ------------ (2)

18 . बसंत क्या लेकर आता है? (1)

19.फूलदेई त्योहार के बारे में टिप्पणी तैयार करें। (3)

20.**सही मिलान करें** (4)

| | |
|---|---|
| बांस की एक प्रजाति | बच्चों का त्योहार |
| चैती गीत गानेवाले | रिंगाल |
| दो महीने पहले | घाटी एकदम शांत थी |
| फूलदेई | औजी |

**सूचना: "दिशाहीन दिशा" यात्रावृत्त के यह अंश पढ़कर 21 से 22 प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

**भोपाल स्टेशन पर मेरा मित्र अविनाश , जो वहाँ से निकलने वाले एक हिंदी दैनिक का संपादन करता था, मुझसे मिलने के लिए आया था । मगर बात करने की जगह उसने मेरा बिस्तर लपेटकर खिड़की से बाहर फेंक दिया । खुद मेरा सूटकेस लिए हुए नीचे उतर गया । इस तरह मुझे एक रात के लिए वहाँ रह जाना पड़ा ।'**

21. 'मुझसे' में निहित सर्वनाम कौन सा है?

(वह ,यह ,मैं ,तुम) (1)

22. सही वाक्य चुनकर लिखें।

अ) मोहन राकेश और अविनाश कन्याकुमारी से मिले।

आ) अविनाश एक संपादक था।

इ) अविनाश और मोहन राकेश भोपाल स्टेशन पर मिले।

ई) मोहन राकेश का बिस्तर खिड़की से बाहर फेंक दिया।

उ) अविनाश मोहन राकेश का दोस्त नहीं था। (3)

**सूचना: 'गुठली तो पराई है' कहानी का यह अंश पढ़े और 23 वीं प्रश्न का उत्तर लिखें।**

**'गुठली ठुनक के बोली, "मैं नहीं मानती" ,और बाहर चली गई । पीछे से बुआ की आवाज़ सुनाई दी , " चौदह की हो गई पर अकल नहीं आई छोरी को "। माँ बोली, "बचपना है दीदी समझ जाएगी।" माँ को बुआ का साथ देता देख गुठली गुस्से के साथ उदास भी हो गई और सीढ़ियों पर बैठ गई।**

23. उचित वाक्याँश चुने वाक्यों की पूर्ति करें।

- माँ को बुआ का साथ देता देख
- मैं नहीं मानती
- चौदह हो गई पर अक्ल नहीं आई
- बचपना है दीदी समझ जाएगी

क) माँ बोली--------

ख )बुआ बोली------

ख )गुठली बोली------

घ )गुठली उदास हो गई------

**अथवा**

गुठली की चरित्रगत विशेषताएँ लिखें । (4)